कार्यालय अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।

दिनांक –28.07.2017

सेवा में,

वन संरक्षक,
दक्षिणी कुमाऊँ वृत्त,
नैनीताल, ।

विषयः– जनपद नैनीताल में कसियालेख–धारी–परवड़ा मोटर मार्ग को धारी ब्लौक मुख्यालय से कौल–धानाचुली होते हुए मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.7425 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु वन भूमि का प्रत्यावर्तन।(FP/UK/ROAD/20395/2016)

महोदय,

प्रश्नगत प्रकरण पर भारत सरकार द्वारा दी गयी बिन्दुओं पर सूचना माँगी गई थी। परन्तु आपके स्तर से उन इन बिन्दुओ के स्थान पर कुछ और ही सूचना आनलाईन इस कार्यालय को प्रेषित की गई है। इस समबन्ध में सूचित करना है कि प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा पार्ट ।। में सही सूचना अपलोड़ करे बिना ही प्रस्ताव को अग्रसारित किया जा रहा है। जिसके क्रम में उक्त प्रकरण को इस कार्यालय द्वारा सूचना पूर्ण रूप से दिये जाने हेतु इस कार्यालय द्वारा बार बार वापस लोटाया जा चुका है। परन्तु फिर भी न तो प्रयोक्ता एजेन्सी/प्रभागीय वनाधिकारी एवं आपके द्वारा इस और ध्यान न देकर मात्र एक औपचारिक्ता निभाते हुए सूचना इस कार्यालय का अग्रेसारित की जा रही है। इस सम्बन्ध में यह भी अवगत कराना है, आपको कई बार भारत सरकार द्वारा लगाई गई निम्नलिखित कमियों के निराकरण हेतु आनलाईन पत्र भेजा जा चुका है। परन्तु फिर भी आपके द्वारा आपत्तियों का निराकरण किये बिना ही प्रस्ताव को पुनः मात्र औपचारिकता निभाते हुए इस कार्यालय को अग्रसारित किया गया है जो कि लापरवाही का सूचक है। भारत सरकार द्वारा ऐसे प्रकरणों की सूचना पूर्ण रूप से उपलब्ध न कराये जाने के कारण अप्रसन्नता व्यक्त की जा रही है, तथा प्रकरणो को वापस लौटाया जा रहा है। कृपया भविष्य में यह सुनिचित किया जाए की भारत सरकार/इस कार्यालय द्वारा वान्छित बिन्दुओं की पूर्ण बिन्दुवार सूचना उपरोक्त उल्लिखित के अनुसार ही इस कार्यालय को अग्रसारित करने का कष्ट करे।

अतः भारत सरकार द्वारा चाहे गये बिन्दुओं की बिन्दुवार सूचना आपके द्वारा किस पार्ट के किस कॉलम के किस स्थान में अपलोड की गई है, की स्पष्ट सूचना ऑनलाईन उपलब्ध कराते हुये हार्ड प्रति में भी इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि प्रकरण पर अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके। भारत सरकार द्वारा वान्छित सूचना पुनः संलग्न की जा रही है।

SR.No	EDS	REPLY
1	The village wise proceeding with FRA certificate is provided for two villages "Kaul and Dhanachuli"and the name of these two villages are also mentioned in the list of villages to be benefited by the construction of said road but the name of "Dhanachuli" is not mentioned in village wise breakup in online Part I.	उक्त आपत्ति के क्रम में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा village wise breakup में Dhanachuli का area zero fill किया हुआ है, कृप्या area को सही भर सूचना आनलाईन यथास्थान अपलोड़ करने का कष्ट करें। (ii) DM द्वारा भरे जाने वाले प्रपत्र में not applicable mentioned किया गया है, जो कि सही नही है। कृपया संशोधित सूचना अपलोड़ कर प्रेषित की जाये।